<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–27 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का कल रात निधन हो गया। केन्द्र सरकार ने उनके निधन पर सात दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। आज निर्धारित सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराजगंज की सांची अग्रवाल सहित सत्रह बच्चों को प्रदान किये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार। कहा– पूरे देश और समाज को इन होनहार बच्चों पर है गर्व।
- पचास करोड़ रूपये से अधिक के कार्यों का होगा थर्ड पार्टी ऑडिट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गृह विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की।
- प्रदेश में आज से बदल जायेगा मौसम। बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आरेंज अलर्ट और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये जारी किया येलो अलर्ट।

**********

देश में आर्थिक सुधारों के नायक के रूप में माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल रात निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में वर्ष 2004 से 2014 तक देश के 13वें प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कल देर शाम उनकी तबियत खराब होने पर उन्हें एम्स दिल्ली ले जाया गया। जहां रात लगभग दस बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर सात दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। आज निर्धारित सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। श्री योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री के निधन को भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर मनमोहन सिंह ने देश की शासन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल वीर बाल दिवस के अवसर पर सात श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले देश के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के महाराजगंज की कक्षा तीन की छात्रा सांची अग्रवाल भी शामिल रहीं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आप सब बच्चों ने असाधारण काम किये हैं, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं।

***अपने देश के बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत किए हैं। किसी ने अपनी जान जोखिम में डालकर बहादुरी के साथ लोगों की जान बचाई। किसी ने मेडिकल कंडीशन के बावजूद दिव्यांगजनों की सहायता के लिए कार्य किए हैं। किसी ने खेलकूद अथवा कला के क्षेत्र में असाधारण व्यवधान दिया है, तो किसी ने देशप्रेम का आदर्श प्रस्तुत किया है। देश प्रेम की भावना ही बच्चों को और राष्ट्रहित के लिए समर्पित होने के मार्ग पर ले जाती है।***

प्रदेश के महाराजगंज की 8 वर्षीय सांची को शास्त्रीय नृत्य और संस्कृत श्लोक का पाठ करने के लिए कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांची अग्रवाल को पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। इस उपलब्धि पर सांची ने कहा कि उन्हें पहले भी विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया गया है।

**********

***मैंने दो वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब जीता है, जिसके लिए मुझे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने मुझे सम्मानित किया है। मैंने वन मिनट में .और वन मिनट में 13 संस्कृत श्लोक को बोले है। मैं अयोध्या राम मंदिर ओपनिंग सेरेमनी में गयी थी। मुझे संस्कृति विभाग द्वारा बुलाया गया था। वहाँ पे मुझे सम्मानित भी किया गया था।***

वीर बाल दिवस के मौके पर कल प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। उन्होंने कहा कि सिख गुरूओं ने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित–संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की।

***गुरु नानक देव जी से लेकर के गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक चार साहिबजादों से लेकर के पंच प्यारों तक सिख गुरुओं का पूरा इतिहास देश और धर्म के लिए शहादत का इतिहास है और ये इस बात के लिए हम सबको प्रेरित करता है कि इतिहास केवल एक कौम का नहीं है इस देश का इतिहास है एक नई प्रेरणा है पूरे भारत वासियों के लिए।***

इस दौरान ऐतिहासिक समागम और 11 हजार सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। वहीं अमरोहा में सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबज़ादों ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत पर वीर बाल दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। उधर, औरैया में भी गुरूग्रंथ साहेब का पाठ किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आयोजित अलग अलग बैठकों में गृह विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करने के साथ ही रोजगार सृजन की संभावनाओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गृह विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान श्री योगी ने विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन पुलिस लाइन, ट्रांजिट हॉस्टल अथवा प्रशिक्षण संस्थानों से जुड़े भवनों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता के लिए नियमित समीक्षा पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश दिए कि गृह विभाग में सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा इन परियोजनाओं की साप्ताहिक और अपर मुख्य सचिव स्तर पर पाक्षिक समीक्षा करें। इसके साथ ही 50 करोड़ रूपये से अधिक की सभी निर्माण परियोजनाओं का किसी टेक्निकल इंस्टिट्यूट द्वारा थर्ड पार्टी मासिक ऑडिट कराया जाए। संबंधित संस्था द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन किया जाए और उसकी रिपोर्ट फोटोग्राफ के साथ जमा हो। उधर, रोजगार सृजन के संबंध में आयोजित बैठक में श्री योगी ने अधिकारियों को अपने–अपने विभाग में ठोस कार्य योजना के अनुरुप रोजगार सृजन के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। ऐसे में स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार किये जाएं।

**********

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में कल श्रीपंच अग्नि अखाड़े का छावनी प्रवेश यानी पेशवाई हुई। पेशवाई में कई राज्यों से आए करीब एक हजार साधु–संतों ने महाकुंभ मेले में प्रवेश किया। पेश है एक रिपोर्ट....

***महाकुंभ 2025 की भव्यता प्रयागराज में दिखनी शुरू हो गई है। महाकुंभ मेले की सनातनी परंपरा के तहत साधु संत छावनी प्रवेश करते है। इसी क्रम में महाकुंभ में सन्यासी परंपरा के अखाड़े श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई निकाल कर मेला छावनी में प्रवेश किया। अग्नि अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी रामकृष्णा नंद की अगुवाई में पेशवाई प्रयागराज के चौफटका स्थित अनंत माधव मंदिर से शुरू होकर कुंभ मेला क्षेत्र में अखाड़ा की छावनी में समाप्त हुई। पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ निकली श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े की पेशवाई देखते ही बन रही थी। इस दौरान नागा संन्यासियों ने युद्ध कला का प्रदर्शन भी किया। बता दे कि इससे पहले कुंभ मेला क्षेत्र में जूना, आवाहन, और किन्नर अखाड़े ने छावनी प्रवेश किया। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, कुंभनगर प्रयागराज।***

**********

उत्तर प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60 हजार 244 पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षा शुरु हो गई है। इसमें लिखित परीक्षा के बाद जारी कट ऑफ सूची में चयनित करीब 1 लाख 74 हजार 316 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, दो रंगीन फोटो, सभी मूल दस्तावेज, और स्वहस्ताक्षरित फोटो कॉपी साथ लाएं। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी की निगरानी में सभी गतिविधियां आयोजित होंगी। शारीरिक परीक्षा और अभिलेखों की जांच 3 जनवरी तक होगी।

**********

मौसम विभाग ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना जताई है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ मौसम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की अत्यधिक सक्रियता के कारण प्रदेश के मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेंगे।

**********